आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24.03.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 4 बड़े सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे, नगर निगमों को बिजली खर्चों में कमी लाकर बनाया जाएगा आत्मनिर्भर ।
- विधानसभा का बजट सत्र समाप्त, मप्र सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक और नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक हुए पारित ।
- बीएसएनएल ने कमाया 262 करोड़ रुपए का मुनाफा, 9 करोड़ से ज्यादा हुए उपभोक्ता ।
- विश्व तपेदिक दिवस पर प्रदेश भर में हुए कार्यक्रम, मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा-टीबी का उपचार संभव ।

अब समाचार विस्तार सेः–

मंत्रिमंडल बैठक

राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक में आज जल, सौर, पवन और पर्यटन पर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में राज्य जल निगम की समूह पेयजल प्रदाय योजनाओं के रखरखाव व्यय को कम करने के लिये सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित किये जाने के लिये सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। प्रदेश में 4 बड़े सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिनकी मदद से नगर निगमों को उनके बिजली खर्चों में कमी लाकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मंत्रि-परिषद द्वारा राजगढ़ पैलेस होटल एण्ड रिसोर्ट द्वारा मांगी गई करीब 19 एकड़ भूमि वर्तमान कलेक्टर गाइड लाइन दर पर दिये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। गौरतलब है कि यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज सूची में दर्ज खजुराहो से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजगढ़ पैलेस पन्ना रोड पर स्थित है।

**विधानसभा सत्र**

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। हालांकि अंतिम दिवस भी हास-परिहास, छींटाकशी,आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चलता रहा, लेकिन आखिरी क्षणों में सब कुछ सामान्य हो गया। समापन भाषण में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने तय समय तक सदन को चलाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन दिवस पर दो महत्वपूर्ण विधेयक पारित किये गये। इनमें पहला मप्र सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक 2025 एवं दूसरा  मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक 2025 रहा। हालांकि दोनों ही विधेयकों पर पक्ष-विपक्ष के बीच खासी तकरार भी हुई। सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक के प्रावधानों को लेकर विपक्ष ने तो बहिगर्मन कर दिया।

**चौहान-प्याज निर्यात**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र ने प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया है। नई दिल्ली में आज श्री चौहान ने कहा कि प्याज पर निर्यात शुल्क समाप्त होने से किसानों की उपज बिना शुल्क के वैश्विक बाजारों में पहुंच सकेगी और उन्हें अधिक मूल्य मिल सकेगा।

**वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी**

राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीव संरक्षण के लिए किये वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी विकसित करने जा रही है । मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि इसके अंतर्गत ओंकारेश्व2र में 614 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में प्रदेश की 26वीं वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी विकसित की जा रही है।

**सरकारी-सांसद वेतन**

केंद्र सरकार ने संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ता और पेंशन में वृद्धि की घोषणा की है। संसद सदस्यों का मासिक वेतन एक लाख रुपये से बढ़ाकर एक लाख 24 हजार रुपये कर दिया गया है। दैनिक भत्ता दो हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार पांच सौ रुपये और मासिक पेंशन 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 31 हजार रुपये कर दी गई है। यह वृद्धि पहली अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी।

**सिंधिया बीएसएनएल**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज ग्वालियर में पत्रकारों को बताया कि अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही में बीएसएनएल ने 262 करोड़ रुपए का मुनाफा किया है। उन्होंने बताया कि अभी हम 4 जी पर काम कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री निवेश प्रस्ताव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में कल उज्जैन संभाग की 25 इकाइयों का भूमि-पूजन होने जा रहा है । डॉ. यादव ने कहा कि गत दिवस ओलावृष्टि से 400 से अधिक गांवों में फसल नुकसान की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, फसल नुकसानी का सर्वे कर शीघ्र आपदा राहत प्रदान की जाए। उन्होंने आज विक्रमादित्य ध्वज और पुस्तिका "भारत का नव वर्ष विक्रम संवत" का विमोचन भी किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा ।

**श्योपुर आजीविका मिशन**

मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण अंचलों की गरीब वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्योपुर जिले में जिला परियोजना प्रबंधक डॉ सोहन कृष्ण मुदगल ने आकाशवाणी को बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 2012 से लेकर अब तक 5512 स्वसहायता समूहों का गठन किया गया है जिसके माध्यम से 65 हजार 212 गरीब अति गरीब महिलाओं को जोड़ा गया है।

**विश्व तपेदिक दिवस-प्रदेश**

विश्व तपेदिक दिवस पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि टी.बी. का इलाज संभव है। संतुलित आहार, संयमित जीवन शैली और नियमित योग तथा व्यायाम से इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है।जबलपुर जिला अस्पताल में विशेष निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 100 से

अधिक क्षय रोगियों को स्वास्थ्य किट वितरित की गईं हैं। सागर जिले की 69 ग्राम पंचायतें टीबी से मुक्त घोषित की गई हैं। इन पंचायतों के सदस्यों को उनके सक्रिय योगदान के लिये आज प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंदसौर में जिला स्तर पर जनजागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली के द्वारा टीबी रोग के रोकथाम, बचाव, उपचार संबंधी प्रचार-प्रसार किया गया। उज्जैन में 95 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया, जिसमें 16 सिल्वर के लिये एवं 79 ब्रांज श्रेणी मे नामांकित हुई। सीहोर में भी कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत के सरपंच को सम्मानित किया। गुना जिले के पांच टीबी चैंपियंस को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले में अब तक 318 निक्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं। देवास जिले की कुल 98 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है। नर्मदापुरम जिले में आज जनजागरूकता रैली निकाली गई। रायसेन जिले की 173 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं अन्य प्रतिनिधियों को सम्मानित किया और धार जिला क्षय अधिकारी डॉ. संजय जोशी ने आकाशवाणी को बताया कि इस साल के अंत तक हम पूरे जिले को टीबी मुक्त कर लेंगे.

**समाचार सक्षेप में...**

- इंदौर में आज से सीमा सुरक्षा बल के केंद्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय में 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी का शुभारंभ हुआ ।
- मंदसौर जिला ई ऑफिस कार्य प्रणाली में प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। अब सभी सरकारी विभाग ऑनलाइन होंगे और अब तक जिले में 134 कर्मचारियों की आईडी बनाई गई है.
- नीमच जिला मुख्यालय पर नवीन न्यायालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अत: एक अप्रेल से सभी कार्य नवीन न्यायालय भवन में संचालित किये जायेगे।
- सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी कल से 31 मई तक की जायेगी।

- झाबुआ जिले में परियोजनावार पोषण भी पढ़ाई भी की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कलेक्टर नेहा मीना ने शुभारम्भ किया।
- शिवपुरी जिले में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आई.टी.आई संस्थान द्वारा 27 मार्च को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। और
- बैतूल में कलेक्टर ने ई ऑफिस प्रणाली शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में आज से ही ई-ऑफिस प्रणाली शुरू हो जाएगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रदेश में 4 बड़े सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे, नगर निगमों को बिजली खर्चों में कमी लाकर बनाया जाएगा आत्मनिर्भर ।
- विधानसभा का बजट सत्र समाप्त, मप्र सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक और नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक हुए पारित ।
- बीएसएनएल ने कमाया 262 करोड़ रुपए का मुनाफा, 9 करोड़ से ज्यादा हुए उपभोक्ता ।
- विश्व तपेदिक दिवस पर प्रदेश भर में हुए कार्यक्रम, मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा-टीबी का उपचार संभव ।

....................